न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 201/2022

तारीख दायर 25/05/2022

बसंती पत्नि स्व. जगदीश जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी चम्पापुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

............प्रार्थीया

बनाम्

1. सदा पिता श्यामा जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी चम्पापुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
2. हीरा पिता स्वरूप जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी चम्पापुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0
3. जगदीश पिता दीपा जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी चम्पापुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज0

..........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 25/05/2022

प्रार्थना पत्र बसंती ने जरिये अभिभाषक **श्री ब्रहमप्रकाश तिवाडी एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम सदारामजी का खेडा पटवार हल्का गणेशपुरा तहसील बिजौलियां की सरहद में **खाता संख्या 104 पर अंकित आराजी संख्या 765/467 रकबा 0.8094 हे0 कुल भूमि** स्थित है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।